राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 /1220 /2024 दिनांकः– 11 जून, 2024

समयबद्ध / आवश्यक

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः–प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा समय से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र सं0–आर0एम0पी0यू0 / 1121 / 2024 दिनांक 31 मई, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा दिनांक 10 जून, 2024 तक समस्त प्रयोगात्मक एवं शोध परियोजना सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया था। प्राप्त डाटा के अनुसार अभी भी कतिपय महाविद्यालयों द्वारा महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा पूर्ण नही करायी गयी है। प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराने की गति अत्यन्त धीमी है। धीमी गति से विश्वविद्यालय का परीक्षाफल समय से घोषित किया जाना सम्भव नही होगा।

मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार अपेक्षा की जाती है कि समस्त राजकीय, अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय दिनांक 15 जून, 2024 तक समस्त प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा पूर्ण कर उसके अंक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कराना तथा उसकी हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। जो महाविद्यालय निर्धारित तिथि तक प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने में विफल होंगे, उनका आगामी सत्र के लिए प्रवेश हेतु लागिन खोला जाना सम्भव नही होगा।

भवदीय

11/6

डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 तथा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
4. गार्ड फाईल।

11.06.24

उप कुलसचिव